**Seventeenth Loksabha**

an>

Title : The Speaker made refences to the passing away of Shri Skariah Thomas, member of the Sixth and Seventh Lok Sabhas; Shri Harish Narayan Prabhau Zantye, member of the Tenth Lok Sabha; Shri Mukhtar Anees, member of the Eleventh Lok Sabha; Shri Shyama Charan Gupta, member of the Fourteenth and Sixteenth Lok Sabhas; Shri Digvijay Sinh, member of the Seventh and Eighth Lok Sabhas; Shri Ajmeera Chandulal, member of the Eleventh and Twelfth Lok Sabhas; Shri Bachi Singh Rawat; member of the Eleventh, Twelfth, Thirteenth and Fourteenth Lok Sabhas; Shri Jagdish Singh Rana, member of the Fifteenth Lok Sabha; Shri Shyam Bihari Mishra; member of the Tenth, Eleventh, Twelfth and Thirteenth Lok Sabhas; Shri Suresh Pasi, member of the Thirteenth Lok Sabha; Prof. Dukha Bhagat, member of the Thirteenth Lok Sabha; Shri Sugrib Singh, member of the Fourteenth Lok Sabha; Shri Rameshwat Patidar, memebr of the Sixth, Ninth, Tenth, Eleventh and Twelfth Lok Sabhas; Shri M. Satanarayana Rao, member of the Fifth, Sixth and Seventh Lok Sabhas; Shri M. Satyanarayana Rao, member of the Fifth, Sixth and Seventh Lok Sabhas; Smt. Karuna Shukla, member of the Fourteenth Lok Sabhas; Shri S.B. Sidnal, member of the Seventh, Eighth, Ninth and Tenth Lok Sabhas; Shri Kamla Prasad Rawat, member of the Eighth and Fourteenth Lok Sabhas; Shri Laxman Giluwa, member of the Thirteenth and Sixteenth Lok Sabhas; Dr. Mohammed Shahabuddin, member of the Eleventh, Twelfth, Thirteenth and Fourteenth Lok Sabhas; Shri Ram Charita Nishad, member of the Sixteenth Lok Sabha; Shri Jorawar Ram, member of the Ninth Lok Sabha; Shri Sabbam Hari, member of the Fifteenth Lok Sabha; Shri Jai Narayan Roat, Seventh Lok Sabha; Shri Jagmohan,

member of the Eleventh, Twelfth and Thirteenth Lok Sabhas; Shri Ajit Singh, member of the Ninth, Tenth, Eleventh, Thirteenth, Fourteenth and Fifteenth Lok Sabhas; Shri R.L. Bhatia, member of the Fifth, Seventh, Eighth, Tenth, Eleventh and Thirteenth Lok Sabhas; Prof. Rasa Singh Rawat, member of the Ninth, Tenth, Eleventh, Thirteenth and Fourteenth Lok Sabhas; Shri Sambhajirao Kakade, member of the Sixth and Eighth Lok Sabhas; Shri Ramendra Kumar Yadav, member of the Ninth Lok Sabha; Shri Rajiv Shankarrao Satav, member of the Sixteenth Lok Sabha; Shri K. Thulasiah Vandayar, member of the Tenth Lok Sabha; Prof. Chaman Lal Gupta, member of the Eleventh, Twelfth and Thirteenth Lok Sabhas; Shri Jagannath Pahadia, member of the Second, Fourth, Fifth and Seventh Lok Sabhas; Shri Krishna, member of the Eleventh Lok Sabha; Shri T.M. Kaliyannan, member of the Provisional Parliament; Shri Hemendra Singh Banera, member of the Fifth and Ninth Lok Sabhas; Shri Shankar Sakharam Nath, member of the Twelfth Lok Sabha; Shri Deen Bandhu Verma, member of the Seventh Lok Sabha and; Shri Sharad Tripathi, member of the Sixteenth Lok Sabha.

He also made references to the passing away of Shri Milkha Singh, one of the greatest sportspersons in athletics and ; Shri Dilip Kumar, one of the greatest artists of file Industry and also former member of the Rajya Sabha.

Thereafter, members stood in silence for a short while as a mark of respect to the member of the departed.

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुख के साथ हमारे 40 पूर्व साथियों के निधन के संबंध में सभा को सूचित करना है ।

**श्री स्कारिया थॉमस** जी छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने केरल के कोट्टायम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री थॉमस का निधन 74 वर्ष की आयु में 18 मार्च, 2021 को कोच्चि में हुआ ।

**श्री हरीश नारायण प्रभु जी** 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने गोवा के पणजी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे इससे पहले दो कार्यकाल के लिए गोवा, दमन और दीव विधान सभा के सदस्य और गोवा विधान सभा के सदस्य भी रहे । उन्होंने गोवा, दमन और दीव सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया । श्री हरीश नारायण प्रभु का निधन 85 वर्ष की आयु में 20 मार्च, 2021 को पणजी में हुआ ।

**श्री मुख्तार अनीस** 11वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के सीतापुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री अनीस ने चार कार्यकाल तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया और साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार में उप मंत्री के रूप में भी कार्य किया । मुख्तार अनीस जी का निधन 77 वर्ष की आयु में 30 मार्च, 2021 को लखनऊ में हुआ ।

**श्री श्यामा चरण गुप्ता जी** ने 14वीं और 16वीं लोक सभा में उत्तर प्रदेश के बांदा और इलाहाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री गुप्ता वित्त, अधीनस्थ विधान और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय समितियों के सदस्य थे । उनका निधन 76 वर्ष की आयु में 09 अप्रैल, 2021 को नई दिल्ली में हुआ ।

**श्री दिग्विजय सिंह** 7वीं और 8वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने गुजरात के सुरेन्द्रनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री सिंह ने इकोलॉजी और पर्यावरण विभाग में उप-मंत्री के रूप में भी कार्य किया । इससे पहले वे गुजरात विधान सभा में दो कार्यकाल के लिए भी सदस्य रहे ।

श्री दिग्विजय सिंह का निधन 88 वर्ष की आयु में 3 अप्रैल, 2021 को वांकानेर में हुआ ।

**श्री अजमीरा चंदुलाल** 11वीं और 12वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने तेलंगाना के वारंगल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री चंदुलाल मानव संसाधन विकास संबंधी समिति, श्रम और कल्याण संबंधी समिति तथा एमपीलैड्स संबंधी समिति के सदस्य थे।

वे इससे पहले दो कार्यकाल के लिए आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया।

श्री अजमीरा चंदुलाल का निधन 66 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2021 को हैदराबाद में हुआ।

**श्री बची सिंह रावत** 11वीं, 12वीं, 13वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तराखंड के अलमोड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री रावत ने रक्षा राज्य मंत्री तथा साइंस और टेक्नोलॉजी राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया। वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

श्री रावत इससे पहले दो कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे और उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री बची सिंह रावत का निधन 71 वर्ष की आयु में 18 अप्रैल, 2021 को ऋषिकेश में हुआ।

**श्री जगदीश सिंह राणा** 15वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री राणा प्राक्कलन समिति तथा वाणिज्य संबंधी समिति के सदस्य रहे।

इससे पहले वे पांच कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री जगदीश सिंह राणा का निधन 66 वर्ष की आयु में 19 अप्रैल, 2021 को सहारनपुर में हुआ।

**श्री श्याम बिहारी मिश्रा** 10वीं, 11वीं, 12वीं और 13वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के बिल्हौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व

किया ।

श्री मिश्रा खाद्य, नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति तथा आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 1998 संबंधी संयुक्त समिति के सभापति और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

श्री श्याम बिहारी मिश्रा का निधन 82 वर्ष की आयु में 20 अप्रैल, 2021 को कानपुर में हुआ ।

**श्री सुरेश पासी** 13वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के चैल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री पासी विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में भी कार्य किया ।

श्री सुरेश पासी का निधन 64 वर्ष की आयु में 22 अप्रैल, 2021 को इलाहाबाद में हुआ ।

**प्रोफेसर दुखा भगत** 13वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने झारखंड के लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री भगत संचार संबंधी समिति के सदस्य थे ।

श्री दुखा भगत का निधन 67 वर्ष की आयु में 23 अप्रैल, 2021 को रांची में हुआ ।

**श्री सुग्रीव सिंह** 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने ओडिशा के फूलबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

श्री सुग्रीव सिंह का निधन 57 वर्ष की आयु में 26 अप्रैल, 2021 को भुवनेश्वर में हुआ ।

**श्री रामेश्वर पाटीदार** छठी, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने मध्य प्रदेश के खरगौन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री पाटीदार पेट्रोलियम और रसायन, वाणिज्य, अधीनस्थ विधान और प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे।

श्री रामेश्वर पाटीदार का निधन 82 वर्ष की आयु में 27 अप्रैल, 2021 को मध्य प्रदेश के धार में हुआ।

**श्री एम. सत्यनारायण राव** 5वीं, छठी और 7वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने तेलंगाना के करीमनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे आवास समिति के सदस्य रहे।

श्री राव का निधन 87 वर्ष की आयु में 27 अप्रैल, 2021 को हैदराबाद में हुआ।

**श्रीमती करूणा शुक्ला** 14वीं लोक सभा की सदस्य थीं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के जांजगीर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्रीमती शुक्ला कोयला और इस्पात संबंधी समिति तथा महिलाओं को शक्तियां प्रदान करने संबंधी समिति की सदस्य रहीं।

श्रीमती करूणा शुक्ला का निधन 70 वर्ष की आयु में 27 अप्रैल, 2021 को रायपुर में हुआ।

**श्री एस.बी. सिदनाल** 7वीं, 8वीं, 9वीं और 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने कर्नाटक के बेलगाम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री सिदनाल रेल अभिसमय समिति के सदस्य थे।

उनका निधन 85 वर्ष की आयु में 27 अप्रैल, 2021 को बेलगावी में हुआ।

**श्री एकनाथ एम. गायकवाड़** 14वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के मुम्बई-दक्षिण मध्य संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री गायकवाड़ विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे। इससे पहले वे

तीन कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य रहे । उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया । श्री गायकवाड़ का निधन 81 वर्ष की आयु में 28 अप्रैल, 2021 को मुम्बई में हुआ ।

**श्री कमला प्रसाद रावत** 8वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के बाराबंकी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री रावत जल संसाधन और श्रम संबंधी समितियों के सदस्य थे । इससे पहले वे उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे ।

श्री रावत का निधन 66 वर्ष की आयु में 29 अप्रैल 2021 को बाराबंकी में हुआ ।

**श्री लक्ष्मण गिलुवा** 13वीं और 16वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने झारखंड के सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री गिलुवा विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे । इससे पहले वे बिहार और झारखंड विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री लक्ष्मण गिलुवा का निधन 56 वर्ष की आयु में 29 अप्रैल 2021 को जमशेदपुर में हुआ ।

**डॉ. मोहम्मद शहाबुद्दीन** 11वीं, 12वीं, 13वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने बिहार के सिवान संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे विभिन्न संसदीय समित के सदस्य भी रहे । इससे पहले, डॉ. शहाबुद्दीन बिहार विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

डॉ. मोहम्मद शहाबुद्दीन का निधन 53 वर्ष की आयु में 1 मई, 2021 को नई दिल्ली में हुआ ।

**श्री राम चरित्र निषाद** 16वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री निषाद

परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी समिति तथा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य थे ।

श्री राम चरित्र निषाद का निधन 57 वर्ष की आयु में 3 मई, 2021 को नोएडा में हुआ ।

**श्री जोरावर राम** 9वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने झारखण्ड के पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे बिहार विधान सभा के सदस्य होने के साथ बिहार सरकार में राज्य मंत्री भी रहे ।

श्री जोरावर राम का निधन 78 वर्ष की आय में 03 मई, 2021 को पलामू में हुआ ।

**श्री सब्बाम हरी** 15वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने आन्ध्र प्रदेश के अनाकपल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री हरी उद्योग समिति के सदस्य थे ।

श्री सब्बाम हरी का निधन 68 वर्ष की आयु में 3 मई, 2021 को विशाखापट्टनम में हुआ ।

**श्री. जय नारायण रोट** 7वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने राजस्थान के पूर्ववर्ती सलुम्बर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे राजस्थान विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री जय नारायण रोट का निधन 82 वर्ष की आयु में 5 मई, 2021 को उदयपुर में हुआ ।

**श्री जगमोहन** 11वीं 12वीं और 13वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने नई दिल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । वे वर्ष 1990 से 1996 के दौरान राज्य सभा के भी सदस्य रहे । श्री जगमोहन दिल्ली, गोवा, दमन और दीव के उपराज्यपाल तथा जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल भी रहे । श्री जगमोहन संचार, शहरी विकास और गरीबी उन्मूलन, कार्यक्रम कार्यान्वयन और

सांख्यिकी, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालयों में कैबिनेट मंत्री रहे तथा ऊर्जा संबंधी समिति के सभापति भी रहे ।

राष्ट्र के प्रति सेवाओं के लिए श्री जगमोहन को 1971 में पद्म श्री, 1977 में पद्म भूषण और 2016 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया ।

श्री जगमोहन का निधन 93 वर्ष की आयु में 4 मई 2021 को नई दिल्ली में हुआ ।

**श्री अजीत सिंह** 9वीं, 10वीं, 11वीं, 13वीं, 14वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे । उन्होंने उत्तर प्रदेश के बागपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

वे उद्योग, खाद्य, कृषि और नागर विमानन मंत्रालयों में केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री रहे ।

श्री अजीत सिंह वित्त, सरकारी आश्वासनों, रसायन और उर्वरक तथा एमपीलैड्स संबंधी ससदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

श्री अजीत सिंह का निधन गुरुग्राम में 6 मई, 2021 को 82 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री आर.एल. भाटिया** 5वीं, 7वीं, 8वीं, 10वीं, 11वीं और 13वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने पंजाब के अमृतसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री आर.एल. भाटिया वर्ष 1992 से 1996 तक विदेश मंत्रालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री रहे ।

श्री भाटिया याचिका समिति तथा पूर्ववर्ती खाद्य और नागरिक आपूर्ति संबंधी समिति के सभापति थे ।

श्री आर.एल. भाटिया का निधन अमृतसर में 6.5.2021 को 99 वर्ष की आयु में हुआ ।

**प्रो. रासा सिंह रावत** 9वीं 10वीं, 11वीं, 13वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने राजस्थान के अजमेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

प्रो. रावत विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य थे ।

प्रो. रासा सिंह रावत का निधन अजमेर में 10 मई, 2021 को 79 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री संभाजीराव काकाडे** छठी और 8वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के बारामती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

वे इससे पहले महाराष्ट्र विधान परिषद् के सदस्य थे ।

श्री संभाजीराव काकाडे का निधन पुणे में 10 मई, 2021 को 85 की आयु में हुआ ।

**श्री रामेन्द्र कुमार यादव** 9वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने बिहार के मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

वे बिहार विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री रामेन्द्र कुमार यादव का निधन पटना में 14 मई, 2021 को 78 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री राजीव शंकरराव सातव** महाराष्ट्र के हिंगोली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 16वीं लोक सभा के सदस्य थे । वे राज्य सभा के वर्तमान सदस्य भी थे ।

श्री सातव रक्षा संबंधी समिति, अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति और रेल समिति के सदस्य रहे तथा महाराष्ट्र विधान सभा के भी सदस्य रहे ।

श्री राजीव शंकरराव सातव का निधन पुणे में 16 मई, 2021 को 46 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री के. टी. वान्डायार** 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने तमिलनाडु के तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उनका निधन चेन्नई में 17 मई, 2021 को 92 वर्ष की आयु में हुआ।

**प्रो. चमन लाल गुप्ता** 11वीं, 12वीं और 13वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने जम्मू और कश्मीर के उधमपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

प्रो. चमन लाल गुप्ता खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं नागर विमानन और रक्षा मंत्रालयों में राज्य मंत्री के रूप में रहे। वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

इससे पूर्व, वे जम्मू और कश्मीर विधान सभा के भी सदस्य थे।

प्रो. चमन लाल गुप्ता का निधन जम्मू में 18 मई, 2021 को 87 वर्ष की आयु में हुआ।

**श्री जगन्नाथ पहाड़िया** राजस्थान के सवाई माधोपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी लोक सभा तथा राजस्थान के बयाना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी, पांचवी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री जगन्नाथ पहाड़िया बिहार और हरियाणा के राज्यपाल रहे। वे राजस्थान के मुख्यमंत्री भी रहे तथा वित्त, खाद्य और कृषि, आपूर्ति, संचार और श्रम मंत्रालयों में केन्द्रीय उप मंत्री एवं वित्त राज्य मंत्री भी रहे।

इससे पूर्व, श्री पहाड़िया राज्य सभा के भी सदस्य थे और राजस्थान विधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री जगन्नाथ पहाड़िया का निधन नई दिल्ली में 19 मई, 2021 को 89 वर्ष की आयु में हुआ।

**श्री कृष्णा** कर्नाटक के मांड्या संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री कृष्णा ने कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य

किया । वे तीन कार्यकाल के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य रहे । वे कर्नाटक सरकार में मंत्री भी रहे ।

श्री कृष्णा का निधन मैसुरू में 21 मई, 2021 को 79 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री टी.एम. कलियानन** पूर्ववर्ती मद्रास राज्य से प्रोविजिनल संसद के सदस्य थे ।

श्री कलियानन तमिलनाडु विधान सभा और तमिलनाडु विधान परिषद् के भी सदस्य रहे ।

श्री टी.एम. कलियानन का निधन तमिलनाडु के नमक्कल में 28 मई, 2021 को 101 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री हेमेन्द्र सिंह बनेरा** 5वीं और 9वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने राजस्थान के भीलवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री बनेरा प्राक्कलन समिति के सदस्य थे ।

श्री हेमेन्द्र सिंह बनेरा का निधन जयपुर में 31 मई, 2021 को 75 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री शंकर सखाराम नाम** 12वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के दहानु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

वे श्रम और कल्याण संबंधी समिति के सदस्य थे । वे तीन कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य तथा महाराष्ट्र सरकार में उप मंत्री भी रहे ।

श्री शंकर सखाराम नाम का निधन थाणे में 72 वर्ष की आयु में 5 जून, 2021 को हुआ ।

**श्री दीन बंधु वर्मा** 7वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने राजस्थान के उदयपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री वर्मा इससे पहले राजस्थान विधान सभा के सदस्य भी रहे । वे राजस्थान सरकार में राज्य मंत्री भी रहे ।

श्री दीन बंधु वर्मा का निधन जयपुर में 9 जून, 2021 को 83 वर्ष की आयु में हुआ ।

**श्री शरद त्रिपाठी** 16वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

श्री त्रिपाठी विदेशी मामलों संबंधी समिति और आवास समिति के सदस्य थे । उनका निधन गुरूग्राम में 30 जून, 2021 को 49 वर्ष की आयु में हुआ ।

सभा भारत के महानतम खिलाड़ियों में से एक एथलीट श्री मिल्खा सिंह जी के निधन पर भी शोक व्यक्त करती है । उन्होंने ऐथलीट के क्षेत्र में विभिन्न स्पर्धाओं में देश का नाम ऊँचा किया ।

श्री मिल्खा सिंह जी का निधन 18 जून, 2021 को चंडीगढ़ में हुआ ।

सभा देश के महानतम कलाकारों में से एक श्री दिलीप कुमार जी के निधन पर भी गहरा दुख व्यक्त करती है ।

श्री दिलीप कुमार जी ने उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से भी हमारा मनोरंजन किया और समाज को सकारात्मक संदेश दिया । वे राज्य सभा के पूर्व सांसद भी थे, जिनका निधन 7 जुलाई, 2021 को मुम्बई में हुआ ।

सभा देश के अन्य महान हस्तियों के निधन पर भी शोक व्यक्त करती है ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब यह सभा कुछ देर के लिए मौन रहकर उनको श्रद्धांजलि देगी ।

*The Members then stood in silence for a short while.*

**माननीय अध्यक्ष:** ऊँ शांति । ऊँ शांति । ऊँ शांति ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री राज नाथ सिंह जी ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपकी बात नियम-प्रक्रिया से सुनेंगे ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** जब एडजर्नमेंट मोशन का समय आएगा तो मैं व्यवस्था दूँगा ।

अभी माननीय राज नाथ सिंह जी ।